तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 24 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बिना रेलिंग के पुल और अंधे मोड़ से गुजरते हैं सैकड़ों वाहन



## खबर संक्षेप

### पैसेंजर ट्रेन के रद्द होने की तिथि में किया गया आंशिक परिवर्तन

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर-चांपा चौथी लाइन परियोजना के अंतर्गत जांजगीर-नैला स्टेशन पर अप ग्रिड में ऑटो सिग्नलिंग सहित चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कमीशनिंग कार्य हेतु नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों को विभिन्न तिथियों में रद्द होने की घोषणा की गई थी। जिसमें से रेलवे प्रशासन द्वारा रायपुर-गेवरारोड-रायपुर मेमू पैसेंजर तथा रायपुर-कोरबा-रायपुर पैसेंजर के रद्द होने की तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। जिसमें 22 जून से 3 जुलाई तक रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68746 रायपुर–गेवरा रोड मेमू पैसेंजर तथा 23 जून से 4 जुलाई तक गेवरा रोड से चलने वाली 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 22 जून से 3 जुलाई तक रायपुर से चलने वाली 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर तथा 23 जून से 4 जुलाई तक कोरबा से चलने वाली 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।

### कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**कोरबा।** शासकीय कन्या शाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको नगर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नए प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को अतिथियों के हाथों पाठ्यपुस्तक, चॉकलेट एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। प्रवेश उत्सव के उपरांत शिक्षकों एवं अतिथियों द्वारा शाला परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल मंचस्थ रहे। इस अवसर पर डीलेंद्र यादव, जय राठौर, रेणु प्रसाद, राकेश सोनी, माहेश्वरी गोस्वामी, राजा शर्मा, राकेश तलवार, आरए नारायण, ज्योति सिंह परिहार, रश्मि सोनी, सुरेखा तिवारी, विनय यादव, शशि महंत, प्राचार्य सुभाष डडसेना, श्रीमती उर्मिला राठौर, श्रीमती लक्ष्मी चौहान, श्रीमती श्रद्धा वर्मा, प्रणिता मिंज, सुनील चतुरेश, श्रीमती अनीता वाहने, प्रधानपाठक श्रीमती इंदु राठौर, शिवानी सिंह, शिक्षिका मनिंदर सिंह सैनी उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल की जर्जर स्थिति को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** ग्राम उतरदा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की जर्जर स्थिति को लेकर एनएसयूआई ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग पर सवाल खड़े करते हुए कलेक्टर को सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किए हैं जिसमें विद्यालय की बदहाल अधोसंरचना, मूलभूत सुविधाओं के अभाव तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है। श्री राठौर ने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण विद्यार्थियों को शौचालय, स्वच्छ पेयजल और सुरक्षित भवन जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में भवन की छत से पानी टपकता है और दीवारों में पड़ी दरारें किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही हैं। उन्होंने मांग की कि विद्यालय भवन की तकनीकी जांच कराकर आवश्यक मरम्मत, नवीन भवन निर्माण तथा अधूरे अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए।

### शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजन, बैठक आज

**कोरबा।** विकासखंड, जिला एवं संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में 24 जून को दोपहर 12 बजे एनसीडीसी स्कूल कोरबा में बैठक आहूत की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, क्रीड़ा प्रभारी, शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के सर्व व्यायाम शिक्षकों को उक्त बैठक में उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

# सहकारी समितियों से गैर पंजीकृत किसानों को भी मिलेगी खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खेती के लिए किसी भी किसान को भटकना नहीं पड़ेगा। चाहे वह पोर्टल में पंजीकृत हो या नहीं। सभी किसानों को खाद देने की तैयारी चल रही है। कम बारिश की वजह से खेती पिछड़ने के अंदेशे से खाद को लेकर किसानों के सामने किसी परेशानी का सामना न करना पड़े इसे देखते हुए विभागीय पहल की गई है।

जिले में किसानों की संख्या भले ही रिकार्ड में अभी है। धान बेचने और खाद लेने के लिए किसानों की संख्या उस तेजी से नहीं बढ़ी है। कृषि विभाग के रिकार्ड के अनुसार 79 हजार किसानों को तो पीएम किसान सम्मान निधि मिलती है, लेकिन धान केवल 51 हजार किसान ही बेचते हैं और इतने ही किसान धान के साथ खाद का उठाव करते हैं और इतने ही किसानों का केसीसी कार्ड बनाया जाता है। पूर्व में खाद वितरण के लिए शासन स्तर से दिए गए निर्देश के तहत एग्रीटेक पोर्टल में पंजीकृत किसानों को ही खाद दिए जाने के निर्देश दे। अब इसमें बदलाव किया गया है। ताकि किसानों को खाद संकट का सामना न करना पड़े। इधर कम बारिश की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने ⏭ शेष पेज 3 पर

## कम बारिश से जूझते किसानों को दी जा रही राहत

### खास बातें

- खाद के संकट से निपटने विभाग ने शुरू की पहल
- समितियों में पहुंच रहे हैं ग्रामीण



### सभी को मिल रही खाद

खेती के कार्य में जुटे किसानों को खाद वितरण का काम समिति के माध्यम से किया जा रहा है। पंजीकृत अपंजीकृत सभी किसानों को खाद देने की व्यवस्था की गई है।

-डीपीएस कंवर, उप संचालक, कृषि

### सोलर पंप भी नहीं पहुंचे सभी जगह

शासन की योजना के तहत सोलर पंप का लाभ केवल बड़े किसानों तक ही पहुंचा है। छोटे किसानों तक सोलर पंप योजना का लाभ नहीं पहुंचने के कारण पानी के लिए ऐसे किसान आसपास के पहाड़ी नालों या फिर मानसूनी बारिश पर निर्भर रहते हैं। कुछ किसान सबमर्सिबल पंप और डीजल के सहारे खेती कर रहे हैं। सोलर पंप की तुलना में सबमर्सिबल पंप विभाग के द्वारा सर्वाधिक दिया गया है।

### सरगुजा वन मंडल से एक दिन पहले दंतैल आया था जंगल में

# केंदई में दंतैल ने महिला को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले से एक दंतैल हाथी कटघोरा वन मंडल आ धमका था और पिछले दो दिनों से क्षेत्र में उत्पात मचा रहा था। मंगलवार की अलसुबह दंतैल हाथी ने एक वृद्ध महिला को पटक पटककर मौत के घात उतार दिया है। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम घटना स्थल पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और वन विभाग की ओर से प्राथमिक सहायता की राशि परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

#### खास बात

- परिजनों को वन विभाग की ओर से दी गई तात्कालिक सहायता राशि



मृत महिला।



पीड़ित परिवारों को सहायता राशि प्रदान करते वन विभाग।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों पूर्व एक दंतैल हाथी सरगुजा वन मंडल से विचरण करते हुए कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज आ धमका था, दंतैल हाथी आने की सूचना पर वन विभाग की टीम लगातार उसकी ट्रैकिंग कर जान माल के नुकसान को रोकने का प्रयास कर रही थी बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह दंतैल हाथी विचरण करते हुए ग्राम पतुरिया डांड निवासी सुखमत बाई पति लोडुराम उम्र लगभग 70 वर्ष पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हाथी हमले की मौत की सूचना वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत दल बल सहित घटना स्थल पहुंचे थे। जहां वन विभाग की टीम द्वारा मामले में वैधानिक कार्यवाही की गई और विभाग की ओर से मृतिका के परिजनों को जनपद सदस्य एवं ग्राम सरपंच की उपस्थिति में तात्कालिक सहायता राशि 25 हजार रुपए प्रदान की गई। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें, प्रातः एवं रात्रि के समय जंगल अथवा खेतों की ओर अकेले न जाएं, हाथी के नजदीक जाने का प्रयास न करें तथा हाथी की सूचना तत्काल वन विभाग को दें।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक साल पूर्व एक पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी थी। इस मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर आरोपी को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पड़ोसी जिला सरगुजा उदयपुर लक्ष्मणगढ़ निवासी महेंद्र मंझवार अपनी पत्नी लगनी बाई के साथ वर्ष 2025 में बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अजगरबहार अपने रिश्तेदार के घर आया हुआ था। जहां सभी रिश्तेदारों ने शराब का सेवन किया था और इस दौरान देर रात को महेंद्र मंझवार ने अपनी पत्नी लगनी बाई की गला दबाकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति महेंद्र मंझवार के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई द्वितीय अपार सत्र न्यायाधीश डॉ.ममता भोजवानी के न्यायालय में चल रही थी। जहां आरोपी महेंद्र मंझवार के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने पैरवी की।

## कुसमुंडा मार्ग में कोयला लोड ट्रेलर पलटी

**कोरबा।** कुसमुंडा मार्ग में मंगलवार की दोपहर लगभग 4 बजे बरमपुर मोड़ में तेज रफ्तार कोयला लोड ट्रेलर सीजी 12 बीएम 7649 पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी मौके पर पहुंचे। घटना का सुखद पहलु यह रहा कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# सुतर्रा-अचानकपुर मार्ग पर रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण बना मुसीबत, हल्की बारिश में ही कीचड़



हाल ही में हुई बारिश से सुतर्रा मार्ग कीचड़ में तब्दील।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेशनल हाइवे मार्ग पर सुतर्रा स्थित ओवर ब्रिज से अचानकपुर जाने वाले मार्ग पर रेलवे द्वारा अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण के दौरान आवागमन के लिए इसके किनारे से एक वैकल्पिक कच्चा मार्ग बनाया गया है, जो पहली ही हल्की बारिश में बदहाल और मिट्टी फिसलन भरा हो गया है। जिससे लोगों को आने- जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माणाधीन अंडर ब्रिज के बगल से निकला वैकल्पिक रास्ता पूरी तरह दलदल में तब्दील हो चुका है। जगह- जगह पानी का ठहराव हो गया है और मिट्टी में गहरे टायर के निशान बता रहे है कि वाहनों को यहां से निकलने में कितनी मशक्कत करनी पड़ रही है। मिट्टी के बड़े- बड़े ढेर किनारे पड़े है और रास्ता कीचड़ युक्त हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहिया वाहन निकालना तो दूर, पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। फिसलन के कारण बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। आपात स्थिति में एम्बुलेंस या अन्य बड़े वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने चिंता जताई है कि अगर मिनटों की हल्की सी बारिश में यह हाल है तो बरसात के दिनों में क्या स्थिति होगी? तेज बारिश में यह कच्चा मार्ग पूरी तरह बंद हो जाएगा। ऐसे में ग्राम अचानकपुर सहित आसपास के अनेकों गांवों का संपर्क सुतर्रा व कटघोरा मुख्यालय से टूट जाएगा। इससे राशन, इलाज, स्कूल और रोजमर्रा के कामकाज बुरी तरह प्रभावित होंगे। ⏭ शेष पेज 3 पर

#### खास बात

- बरसाती दिनों में थम जाएगा आवागमन, अनेकों गांवों का संपर्क टूटने का बना है खतरा

# भैसमा के होटल व तरदा के तीन दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना



दुकान के बाहर लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के भैसमा और तरदा दो अलग अलग गांव में चोरों ने धावा बोलकर चार स्थानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरु कर दी है। पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम भैसमा बाजार चौक में स्थित माहामाया होटल में देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर नकदी सहित कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब होटल संचालक रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। सामान बिखरा पड़ा था और नकदी गायब थी। तत्काल इसकी सूचना स्थानीय लोगों और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही उरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है जिसमें चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये हैं। वहीं चोरी की दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तरदा में घटित हुई है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत तरदा में चोरों ने बीती रात तीन दुकानों को निशाना बनाया। सड़क किनारे स्थित मनीष ग्राफिक्स एंड ऑनलाइन सेंटर, सोनू गैराज और आशीष इलेक्ट्रिकल के शेड और ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक करीब 10 हजार रुपये के सामान और नकदी की चोरी हुई है। वहीं इस मामले को लेकर उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया ⏭ शेष पेज 3 पर

#### खास बातें

- सीसीटीवी कैमरे में आरोपियों की हरकत हुई कैद, जांच में जुटी पुलिस
- तरदा के दुकान संचालकों ने पुलिस को नहीं दी चोरी की सूचना

### दर्री रोड के दुकानों में भी घुसे थे चोर, पुलिस को मिला सुराग

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्री रोड पर संचालित विशाल ट्रेडर्स और संतोष ट्रेडर्स को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया है। दोनों दुकानों में शटर तोड़कर चोरी की घटना सामने आयी है। बताया जाता है कि दर्री रोड व्यापारी संघ के अध्यक्ष गजानंद अग्रवाल ने सुबह विशाल ट्रेडर्स का शटर क्षतिग्रस्त देखा और इसकी सूचना संचालक को दी। कुछ ही देर में पास स्थित संतोष ट्रेडर्स में भी चोरी की घटना भी सामने आयी। विशाल ट्रेडर्स में चोरों ने गोदाम का शटर करीब डेढ़ फीट तक तोड़कर अंदर घुसे थे लेकिन मुख्य द्वार तक नहीं पहुंच सके जिससे चोरी की घटना नहीं हो सकी। जबकि संतोष ट्रेडर्स पहुंचे चोरों ने गल्ले में रखे करीब 10 से 15 हजार रुपए नगदी की चोरी की है। संचालकों ने चोरी की सूचना पुलिस को दे दी है। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के गिरेबाह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस को चोरों के संबंध में अहम सुराग हाथ लग गया है, जल्द ही चोरी की इस मामले को जल्द सुलझा लेगी।

### बीकेएमएस के महामंत्री ने कोलइंडिया के चेयरमेन को लिखा पत्र

# जेबीसीसीआई-12 के गठन में देरी, बीएमएस ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कर्मियों के 11वें वेतन समझौते की अवधि खत्म होने जा रही है। यही वजह है कि कोयला कर्मचारियों द्वारा जेबीसीसीआई 12 के गठन की मांग की जा रही है। अपेक्स जेबीसीसीआई की बैठक में श्रमिक संगठनों ने साफ कह दिया था कि जेबीसीसीआई 12 के गठन को लेकर चर्चा किया जाए अन्य मांगों को लेकर बाद में भी चर्चा की जा सकती है। अब बीकेएमएस के महामंत्री ने जेबीसीसीआई 12 के गठन को लेकर कोलइंडिया के चेयरमेन को पत्र लिखा है। साथ ही





फाइल फोटो

कमेटी गठन नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि बीएमएस से सम्बद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुजीत सिंह ने जेबीसीसीआई- 12 के गठन को लेकर कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन को पत्र लिखा है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता-11 की समयावधि 30 जून को समाप्त होने जा रही है एवं कोयला उद्योग में कार्यरत समस्त श्रमिकों के वेतन, सेवाशर्त एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित आगामी राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता- 12 की समिति के गठन हेतु संगठन द्वारा पत्र प्रेषित किया गया था। जिसे लेकर अब तक कोलइंडिया प्रबंधन द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुजीत सिंह ने सीआईएल चेयरमैन को सूचना देते हुए कहा है कि संगठन द्वारा 25 जून से 30 जून तक कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनी एवं सिंगरेनी कंपनी की सभी खदानों की इकाइयों, महाप्रबंधक कार्यालय एवं कंपनी मुख्यालय के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन के माध्यम से पिट मीटिंग, गेट मीटिंग कर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। यहां बताना होगा कि जेबीसीसीआई- 12 के गठन की मांग को लेकर एचएमएस, इंटक, सीटू और एटक द्वारा भी संयुक्त रूप से एक जुलाई को कोल इंडिया और अनुषांगिक कंपनियों में गेट मीटिंग, रैली, प्रदर्शन किया जाएगा। बीएमएस ने उक्त श्रमिक संगठनों के साथ ना जाकर पृथक से आंदोलन पर जाने का निर्णय लिया है।

# छात्रा ने जहर खाकर कर ली खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कक्षा ग्यारहवीं में अध्यनरत है एक 15 साल की किशोरी ने अज्ञात चरणों के चलते घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तब परिजनों को पता चला कि उसने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया है जिसके बाद परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र की घटना है। यहां निवासरत हेमलता रठिया उम्र 15 वर्ष पिता जगसाय राठिया ने घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था, जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला कि उसने जहर खाकर मौत को गले लगाने का प्रयास किया है जिसके बाद परिजनों ने तत्काल उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्रा ने किन कारणें के चलते आत्मघाती कदम उठाई है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही कर रही है।

## खबर संक्षेप

### आरआई को निलंबित करने व भैसमा तहसीलदार को नोटिस जारी

**कोरबा।** कलेक्टर ने तहसीलवार समय-सीमा के लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। तहसील स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण नहीं होने तथा समय-सीमा में उचित कार्रवाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने भैसमा तहसील अंतर्गत सीमांकन के एक प्रकरण का एक वर्ष तक निराकरण नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए राजस्व निरीक्षक करुणा मैत्री को निलंबित करने तथा तहसीलदार के. के. लहरे को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि राजस्व प्रकरणों का लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

### चेक बाउंस मामले हेतु विशेष लोक अदालत का होगा आयोजन

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 18 जुलाई एवं 21 नवंबर को विशेष लोक अदालत में उन पक्षकारों जिसका परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत चेक बाउंस के मामले न्यायालय में लंबित है, उन्हें राजीनामा के माध्यम से निराकृत करा सकते हैं।
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा संपूर्ण जिले के समस्त न्यायाधीशों को चेक बाउंस के मामले को चिन्हांकित करने हेतु निर्देश दिये हैं और अधिक से अधिक चेक बाउंस के प्रकरणों में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर उनके मध्य प्री-सीटिंग करने के निर्देश दिये गये हैं।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में आवेदनों के निराकरण से आमजन को मिल रही राहत

**कोरबा।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण का भरोसेमंद माध्यम बनकर उभरी है। जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों की लगातार निगरानी एवं समीक्षा करते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं का लाभ शीघ्रता से प्राप्त हो रहा है। जिले में 23 जून की सुबह तक राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, विद्युत, पेयजल, खाद्य, समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 1796 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 601 से अधिक आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई है, जबकि 523 से अधिक आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। शेष प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में सभी विभागों को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विभागों को अभी से कार्ययोजना बनाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने पीएमओ, मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित अन्य महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के तहत मानसून काल में कम बारिश होने की स्थिति में जिले में फसल, पेयजल की उपलब्धता, राशन भंडारण और वितरण, जल संरक्षण एवं बीजीरामजी अंतर्गत तालाब गहरीकरण सहित अन्य कार्य, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने, पशुओं के चारा व्यवस्था तथा बिगड़े हैंडपंपों के सुधार कार्य के संबंध में चर्चा करते हुए विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शासन द्वारा सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत विभागों की चिन्हित योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकारियों को योजनाओं के पात्रता मापदंड निर्धारित कर ग्राम पंचायत स्तर पर डेटा तैयार करने और हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

### नरेंद्र मोदी विचार मंच ने किया पौधरोपण

**कोरबा।** नरेंद्र मोदी विचार मंच की स्थापना दिवस के अवसर पर नरेंद्र मोदी विचार मंच ने गोष्ठी का आयोजन श्री आनंदम् कन्नौजिया राठौर समाज भवन मैगजीनभाठा दादर रोड मे किया गया। जिसमें मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अमरनाथ सोनी मुख्य अतिथि, गोरेलाल स्वर्णकार राष्ट्रीय सचिव, नरेंद्र वाकड़े प्रदेश उपाध्यक्ष के आतिथ्य. गोष्ठी की अध्यक्षता सीताराम राठौर, जिला अध्यक्ष तथा अजय दास वैष्णव राष्ट्रीय सचिव मजदूर महासंघ, अखिलेश जायसवाल जिला महामंत्री, अजय शर्मा जिला महामंत्री, ममता सान्याल अध्यक्ष महिला मोर्चा, हरीश कुमार राठौर सचिव कन्नौजिया राठौर समाज, विजय कुमार राठौर अध्यक्ष कन्नौजिया राठौर नवचेतना समिति के विशिष्ट आतिथ्य मे गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम एक पेड मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र मोदी विचार मंच के कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही मंच संचालन मंच के प्रवक्ता द्वय अजीत कैवर्त व फेया सेनगुप्ता ने किया।

## निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास निर्माण का चल रहा है काम

# बस्ती की गलियां हैं सकरी, इसलिए सड़क किनारे और मैदान में रखनी पड़ रही है निर्माण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के बस्तियों में बड़ी संख्या में पीएम आवास स्वीकृत होने से बीते दो माह से निर्माण के कार्य में तेजी आने के कारण निर्माण सामग्रियां भी बड़े पैमाने में डंप की जा रही हैं। लेकिन बस्तियों की गलियों के

**खास बात**

- शहर की बस्तियों में गलियों के सकरी होने की समस्या आई सामने

सकरी होने के कारण निर्माण स्थल तक मटेरियल नहीं पहुंचने की वजह से सड़क के किनारे और खेल के मैदान में रखने की मजबूरी हो गई है।

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाली नेहरूनगर, बालको से लेकर पथर्रीपारा एवं सीतामढ़ी क्षेत्र जैसी घनी आबादी में हितग्राहियों को पीएम आवास तो स्वीकृत हो गए हैं और उनके निर्माण कार्य भी बीते दो माह से चल रहे हैं। स्थिति यह है कि चौक चौराहों से लेकर मुख्य सड़क के किनारे जहां देखें रेत, ईंट, गिट्टी के ढेर नजर आ रहे हैं। इससे सड़कों से आवागमन भी मुश्किल होने लगा है। हितग्राहियों की भी


मैदान में रखी निर्माण सामग्री।

**बड़ी घटना होने पर सकरी गलियां बनेंगी समस्या**

शहर की ऐसी कई घनी बस्तियां हैं जिनकी गलियां सकरी होने के कारण तीन पहिया और दो पहिया वाहन ही मुश्किल से निकल पाते हैं। अब तक मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण की ओर ही नगर निगम का ध्यान गया है। किन्तु जिस तरह से बस्ती की गलियां अतिक्रमण की वजह से सकरी होती जा रही हैं उससे आगजनी जैसी बड़ी घटना बस्तियों में होने से दमकल जैसी बड़ी गाड़ियां किसी भी कीमत पर घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकेंगी।

मजबूरी है कि बस्ती की गलियां सकरी होने के कारण उनके घरों तक आटो जैसे छोटे वाहन भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिससे मजबूरी में उन्हें निर्माण सामग्री या तो खेल के मैदान में रखनी पड़ रही है या मुख्य मार्ग के किनारे। जिससे मुख्य सड़क से आवागमन के लिए वाहनों का जाम भी लग जा रहा है। वहीं खेल मैदान में आयोजन भी रुके पड़े हुए हैं। सबसे विषम स्थिति पथर्रीपारा बस्ती की नजर आती है। घनी बस्ती होने के कारण निर्माण सामग्री हितग्राहियों के मकानों तक पहुंचना कठिन हो गया है। स्थिति यह है कि इंदिरा चौक से लेकर मानसनगर जाने वाली सड़क के किनारे तथा सामुदायिक भवन मैदान में बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री डंप किए जाने की मजबूरी हितग्राहियों के सामने बनी हुई है।

**उठाना पड़ रहा है अतिरिक्त आर्थिक बोझ**

सड़क व मैदान में निर्माण सामग्री डंप की मजबूरी हितग्राहियों के सामने बनी हुई है। इसके साथ ही उन्हें निर्माण सामग्री को डंप किए गए स्थान से निर्माण कार्य स्थल तक ले जाने के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ मजदूरों के द्वारा ढुलाई किए जान से उठाना पड़ रहा है। हितग्राहियों के मुताबिक केवल निर्माण सामग्री के ढुलाई में ही 10 से 15 हजार रुपए अतिरिक्त खर्च हो रहे हैं। कहीं कहीं यह राशि दूरी के हिसाब से 20 हजार पहुंच गई है।

# एचएमएस के केंद्रीय महामंत्री ने एसईसीएल के विभिन्न परिक्षेत्र का किया दौरा


निरीक्षण के दौरान उपस्थित श्रमिक संघ के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एचएमएस के केंद्रीय महामंत्री एसईसीएल एवं जेबीसीसीआई सदस्य नाथूलाल पांडे ने जिले में संचालित एसईसीएल के दीपका, गेवरा, कुसमुंडा एवं कोरबा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान केंद्रीय महामंत्री का एसईसीएल के विभिन्न परियोजनाओं में श्रमिक नेताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। कोरबा क्षेत्र का उनका यह दौरा संघटनात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अपने दौरे के दौरान उन्होंने गेवरा, दीपका क्षेत्र, कुसमुंडा क्षेत्र एवं कोरबा क्षेत्र में अलग-अलग क्षेत्रीय संगठन कार्यालय में क्षेत्रीय पदाधिकारीयों के साथ संगठनात्मक संक्षिप्त बैठक भी लिया। अपने इस दौरे के दौरान नाथू लाल पांडे एवं चारों क्षेत्र के पदाधिकारी के साथ कोयला मजदूर सभा के केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं कोरबा संभाग प्रभारी केदारनाथ अग्रवाल के भाई रामकिशन अग्रवाल के देहावसान पर पूरी टीम के साथ उनके निवास स्थान में जाकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। उनके कोरबा संभाग संगठनात्मक दौरे के दौरान उनके साथ गेवरा, दीपका जेसीसी गिरिजा साहू, कुसमुंडा महामंत्री सह जेसीसी अशोक कुमार साहू, लक्ष्मण सिंह दीपक कुमार दुबे (दीपिका )के क्षेत्रीय,यूनिट, सीईडब्ल्यूएस गेवरा, सीडब्ल्यूएस कोरबा के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता हर क्षेत्र मे उपस्थित रहे।

# भूविस्थापितों ने रोजगार की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन


शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा-दीपका खदान से प्रभावित ग्राम भिलाईबाजार के भूविस्थापितों ने अर्जन भाग-2 की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों तथा ग्राम के मूलनिवासी एवं वास्तविक भूमि प्रभावित परिवारों को स्थायी रोजगार में प्राथमिकता दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

प्रभावित ग्रामों की मांग है कि भूमि अधिग्रहण से प्रभावित वास्तविक परिवारों के अधिकारों की रक्षा की जाए तथा स्थायी रोजगार में ग्राम के मूल निवासियों को प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर ने प्रभावित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि धारा-4 की अधिसूचना दिनांक 1 मार्च 2024 के पश्चात ग्राम भिलाईबाजार में हुए भूमि क्रय-विक्रय के मामलों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कटघोरा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे तथा वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल रोजगार या भूमि का मुद्दा नहीं, बल्कि ग्राम के वास्तविक प्रभावित परिवारों के अधिकार, सम्मान और भविष्य का प्रश्न है। उन्होंने प्रशासन से मांगों पर शीघ्र एवं न्यायपूर्ण निर्णय लेने की मांग रखी है। इस दौरान पन्ना लाल दुबे, द्वारिका प्रसाद पांडेय, दिलहरण प्रजापति, कन्हैया लाल, प्यारेलाल पाटले, समाजसेवी प्रदीप जायसवाल, भुनेश्वर लाल वेणु, मनहरण लाल पाटले, बजरंग लाल, प्रकाश सागर, कमलेश प्रजापति, चैन सिंह, सनद दास, कृष्णा यादव, फूलसुंदरी मरकाम, नरेंद्र मरकाम, जमुना बाई, नीतू, बबली जायसवाल, अजय विंध्यराज, शरद जायसवाल, राजेश जायसवाल, हेमलाल दुबे, देवेंद्र सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्राम भिलाई बाजार के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर भारतीय मजदूर संघ का चरणबद्ध आंदोलन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ द्वारा पुरानी पेंशन बहाली, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण,

**खास बात**

- जिले के करतला और भैसमा वितरण केन्द्र में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

पदोन्नति, रिक्त पदों पर भर्ती तथा अन्य कर्मचारी हितैषी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में महासंघ ने प्रबंधन को पूर्व निर्धारित आंदोलन कार्यक्रम की सूचना देते हुए 1 से 30 जून तक हस्ताक्षर अभियान एवं जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया है। साथ ही 10 जुलाई को विशाल आमसभा, आक्रोश प्रदर्शन तथा 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल की चेतावनी दी गई।

बीएमएस द्वारा पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर


आंदोलन करते मजदूर नेता।

जारी आंदोलन के तहत पोस्टर, पंपलेट एवं अन्य प्रचार सामग्री भी वितरण की गई है। महासंघ द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क एवं हस्ताक्षर अभियान पूरे प्रदेश में जोर शोर से चल रहा है सभी जगहों में दुर्ग, रायपुर शहर के मुख्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत धमतरी, महासमुंद, भाटापारा, कोरबा पश्चिम, कोरबा पूर्व तथा वितरण के विभिन्न कार्यालयों में महासंघ के पदाधिकारी एक एक कर्मचारियों से संपर्क कर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। सभी जगहों में कर्मचारियों में उत्साह के साथ महासंघ के आंदोलन को समर्थन मिल रहा है। महासंघ का मानना है कि यदि किसी तथाकथित मंच का उद्देश्य वास्तव में कर्मचारियों के हितों की रक्षा और पुरानी पेंशन बहाली है, तो उसे सभी संगठनों को साथ लेकर चलना चाहिए। किसी भी बड़े एवं संघर्षशील संगठन को चर्चा प्रक्रिया से दूर रखना अथवा उसे निर्णय प्रक्रिया से अलग-थलग करने का प्रयास कर्मचारी आंदोलन को कमजोर करने वाला कदम माना जाएगा। वर्तमान परिस्थितियों से यह प्रतीत होता है कि कुछ तत्व अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु महासंघ द्वारा चलाए जा रहे व्यापक आंदोलन और उसकी बढ़ती जनस्वीकृति को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा हैं। महासंघ यह स्पष्ट करना चाहता है कि वह किसी संगठन का विरोधी नहीं है, बल्कि सभी कर्मचारी संगठनों की वास्तविक और ईमानदार एकता का समर्थक है। लेकिन एकता केवल नारों और बैठकों से नहीं, बल्कि साझा संघर्ष, समान कार्यक्रम और पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया से स्थापित होती है। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ सभी कर्मचारी संगठनों से आग्रह करता है कि व्यक्तिगत या संगठनात्मक अहंकार से ऊपर उठकर कर्मचारियों के व्यापक हित में एक मंच पर आएं तथा पूर्व घोषित आंदोलन कार्यक्रमों में सहभागी बनें। यही कर्मचारी एकता की सच्ची पहचान होगी और इसी से प्रबंधन पर प्रभावी दबाव बनाकर कर्मचारियों की मांगों को मनवाया जा सकेगा।

# सुशासन तिहार में सचिव-सरपंच के विरुद्ध शिकायत उपसरपंच को पड़ी महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत ईरफ में आयोजित सुशासन तिहार में उपसरपंच एवं ग्रामवासीयों द्वारा 20 वर्षो से अधिक

**खास बात**

- आज होगा ग्राम पंचायत ईरफ में उपसरपंच चुनाव

दिनो से काबिज सचिव को हटाने एवं महिला सरपंच पति द्वारा दस्तावेजों में सरपंच का फर्जी हस्ताक्षर करने की शिकायत की गई। मुख्यमंत्री जनदर्शन से लेकर कलेक्टर जनदर्शन तक शिकायत किया गया है पर आज तक किसी प्रकार की जांच नहीं हुई परंतु पासा उल्टा हो गया


जनदर्शन में पहुंचे ग्राम ईरफ के ग्रामीण।

सचिव सरपंच एवं जनपद अधिकारी द्वारा षड़यंत्र रचकर सभी पंचों को जनपद पंचायत बुलाकर उपसरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव के आवेदन पर हस्ताक्षर कराकर अनुविभागीय अधिकारी पाली को दिया गया।

अनुविभागीय अधिकारी द्वारा 13 मई को अविश्वास प्रस्ताव सम्मेलन की सूचना निकालकर 21 जून को 10 बजे जनपद पंचायत पाली में बुलाया गया और पीठासिंह अधिकारी तहसीलदार पाली एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पाली के समक्ष बिना कोई बोलने का मौका दिये एवं पंचों और सरपंच द्वारा आपसी लिखित समझौता के प्रति को अमान्य कर वोटिंग कराया गया जिसमे उपसरपंच के विरोध में प्रस्ताव पारित हुआ परंतु आज पर्यंत उपसरपंच को अविश्वास प्रस्ताव का लिखित आदेश नहीं दिया गया है और कलेक्टर के आदेश के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली द्वारा 24 जून को पीठासीन अधिकारी अरूण कुमार चौबे एवं सहायक पीठासीन अधिकारी शांतिदास मानिकपुरी सचिव चैतमा को नियुक्त कर चुनाव कराने का जिम्मेदारी दिया गया है। गौरतलब है कि कोई भी प्रशासनिक आदेश मौखिक नहीं होता परंतु उपसरपंच को अविश्वास प्रस्ताव से हटाने का आज तक कोई लिखित आदेश किसी अधिकारी द्वारा नहीं दिया गया है यदि हटाने का आदेश ही नहीं है तो उपसरपंच का चुनाव किस आधार पर किया जा रहा है इससे संदेह होता है कि उपसरपंच किसी षडयंत्र का शिकार हुआ है या अधिकारियों का कोई सोची समझी सुनियोजित कार्यवाही तो नहीं जो इतनी जल्दी चुनाव कराया जा रहा है।

# कुएं में गिरे श्वान को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको क्षेत्र के गणेश नगर में एक कुएं से लगातार श्वान (कुत्ते) के भौंकने की आवाजें आने लगीं। आसपास के लोगों ने जब मौके पर जाकर देखा तो एक श्वान गहरे कुएं में गिरा हुआ था और बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रहा था। श्वान को सुरक्षित बाहर निकालने का कोई उपाय न सूझने पर स्थानीय लोगों ने तत्काल आरसीआरएस अध्यक्ष अविनाश यादव से संपर्क किया। सूचना मिलते ही आरसीआरएस के सदस्य अजय गोपाल तिलक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कड़ी मेहनत के बाद श्वान



को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू के बाद श्वान पूरी तरह सुरक्षित पाया गया, जिससे स्थानीय लोगों ने भी राहत की सांस ली।

# आंधी का कहर, सुमेधा नदी के पास गिरे 4 स्ट्रीट लाइट पोल, आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

जिले में मंगलवार को आई तेज आंधी और तूफानी मौसम ने जमकर तबाही मचाई। सुमेधा नदी के पास स्ट्रीट लाइट के चार खंभे एक साथ गिर जाने से बांकीमोंगरा से एनटीपीसी और कोरबा की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार तेज हवाओं के कारण बिजली पोल एक के बाद एक गिरते चले गए, जिससे सड़क पर आवागमन रोकना पड़ा। अचानक हुई इस



घटना से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई वाहन रास्ते में ही फंस गए। घटना के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि अगर मौसम खराब होने पर समय रहते निगरानी और रखरखाव किया गया होता तो इस तरह की स्थिति से बचा जा सकता था। सूचना मिलने पर संबंधित विभाग को अवगत करा दिया गया है और मरम्मत कार्य की तैयारी की जा रही है। फिलहाल मार्ग को सुरक्षित करने और बिजली पोल हटाने का कार्य जारी है। स्थानीय प्रशासन द्वारा जल्द ही यातायात बहाल करने का आश्वासन दिया गया है।

### भाजपा मंडल जवाली ने दी श्रद्धांजलि

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल जवाली ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल जवाली में आयोजित कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल प्रभारी चुलेश्वर राठौर ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया गयया।

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


आरोपी।

मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुभाष नगर दीपका निवासी अभिषेक पन्ना पिता शिवनाथ पन्ना उम्र 21 वर्ष द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल लेकर फर्राटा भर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अभिषेक पन्ना को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और मोटरसाइकिल के दस्तावेजों मांगा गया जो उसके पास कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पुलिस ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 एएल 2670 को जप्त कर लिया है। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 303 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### ओवररेट पर शराब का विक्रय आबकारी उप निरीक्षक निलंबित

**अंबिकापुर।** शहर के बौरीपारा स्थित कम्पोजिट विदेशी शराब दुकान में निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचने के आरोप में आबकारी आयुक्त ने आबकारी उप निरीक्षक अनिल गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले में आयुक्त जिला आबकारी अधिकारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। बौरीपारा मदिरा दुकान में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान छद्म ग्राहक के माध्यम से मदिरा का क्रय क्र सत्यापन एकराय गया। जांच के दौरान कार्यरत विक्रयकर्ता नरेंद्र कुमार यादव द्वारा 20 पाव गोल्डन गोवा व्हिस्की को शासन द्वारा निर्धारित 24 सौ रूपए की जगह 25 सौ रूपए में विक्रय करना पाया गया। अधिक दर पर शराब बेचने के मामले में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल ने कम्पोजिट अंग्रेजी शराब दुकान आबकारी उप निरीक्षक अनिल गुप्ता के प्रभार क्षेत्र में आने के कारण कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही मानते हुए आबकारी आयुक्त ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय उपायुक्त संभागीय उड़न दस्ता कार्यालय सरगुजा निर्धारित किया गया है।

### बाल सम्प्रेक्षण गृह से भागे 11 अपचारी बालक

**अंबिकापुर।** शहर के बाल सम्प्रेक्षण गृह से एक बार फिर से अपचारी बालकों के भागने का मामला सामने आया है। बारिश के दौरान लाइट गोल होने का फायदा उठाकर अपचारी बालकों ने खिड़की तोड़कर फरार हो गए। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई। बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई थी। इस दौरान बाल सम्प्रेषण गृह में अपचारी बालक खाना खाने के बाद बैठे थे और कुछ लोग टीवी देख रहे थे। बारिश के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर बाल सम्प्रेक्षण गृह का खिड़की तोड़कर 11 अपचारी बालक फरार हो गए। इस दौरान दो सुरक्षा कर्मी बाहर तैनात थे लेकिन अपचारी बालक उन्हें चकमा देने में कामियाब रहे। सम्प्रेक्षण गृह के हाउस फादर मनीष कुशवाहा के अनुसार भागने वालों में हत्या, दुष्कर्म और चोरी के आरोपी शामिल है। आरोपी कोरिया, सूरजपुर और सरगुजा जिले के रहने वाले है। सम्भावना जताई जा रही है कि इनमें से एक अपचारी बालक के खिलाफ शहर में कई अपराध दर्ज है और उसके द्वारा ही शेष अन्य को बहकाया गया होगा।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सक्ति मुख्यमार्ग पर सोमवार को एक ट्रैक्टर चालक ने एक एक्टिवा सवार युवक को अपनी चपेट में लिया जिससे युवक मौके पर ही मौत हो गई। घटना उरगा थाना क्षेत्र के तिलकेजा और आमापाली गांव के बीच की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक्टिवा सवार युवक कोरबा की ओर से आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर सीजी 11 एएच 8945 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक्टिवा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक उछलकर दूर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हादसे के होते ही आसपास के राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही डायल-112 और उरगा थाना पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## निधन

### श्रीमती हेमा राकेचा



**कोरबा।** पटेल पारा निवासी धीरज राकेचा की पत्नी श्रीमती हेमा राकेचा उम्र 49 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। वे अपने पीछे सुपुत्र शिखर राकेचा एवं भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम यात्रा 24 जून की सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान पटेल पारा कोरबा से मोतीसागर पारा मुक्तिधाम जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सहकारी समितियों...

भी धान के अलावा अन्य फसलों के रकबे बढ़ाने के लिए मैदानी स्तर पर विभागीय कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### सुतर्रा-अचानकपुर...

ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे और ठेकेदार ने वैकल्पिक मार्ग तो बना दिया, लेकिन मानसून के पहले मुरुमीकरण या गिट्टी-बोल्डर डालकर उसे चलने लायक नही बनाया है। लोगों ने जिला प्रशासन और रेलवे अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल इस कच्चे मार्ग पर मुरुम-गिट्टी डलवाकर समतलीकरण कराया जाए, ताकि बरसात में आवागमन बाधित न हो।

### भैसमा के होटल...

कि ग्राम तरदा में हुई चोरी की किसी तरह की सूचना दुकानदारों ने नहीं दी है। जबकि भैसमा में एक होटल में चोरी की घटना सामने आयी जिसकी पुलिस तहकीकात में जुटी हुई है।

---

सुशासन तिहार में आवेदन के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

# देवरी का टूटा पुल बना हजारों ग्रामीणों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखंड कटघोरा के ग्राम देवरी में लगभग एक वर्ष पूर्व क्षतिग्रस्त हुआ पुल आज भी पुनर्निर्माण की बाट जोह रहा है। बरसात नजदीक होने के बावजूद शासन-प्रशासन की

**खास बात**

- बरसात में स्कूल जाने वाले बच्चों की बढ़ेगी मुश्किल

उदासीनता से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह संयोजक राजेश यादव ने इस गंभीर समस्या को लेकर शासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

सुशासन तिहार के दौरान राजेश यादव ने बताया कि उन्होंने 19 मई को लिखित आवेदन देकर देवरी-कोराई तथा देवरी-चाकाबुड़ा मार्ग पर आवागमन बाधित होने की समस्या से प्रशासन को अवगत कराया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि बरसात शुरू होते ही पुल पर डाली गई मिट्टी बह जाएगी और दोनों ओर से संपर्क पूरी तरह टूट जाएगा, जिससे कोराई ग्राम पंचायत सहित कई गांवों का आवागमन प्रभावित होगा। इसके बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सबसे



बीते वर्ष बारिश में टूटा हुआ पुल।

अधिक परेशानी क्षेत्र के स्कूली बच्चों को होगी। देवरी स्थित विद्यालयों में पढ़ने वाले बुंदेली, कसाईपाली, चाकाबुड़ा एवं आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को बरसात के दिनों में लगभग 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी और कई विद्यार्थियों के नियमित विद्यालय पहुंचने पर भी संकट खड़ा हो सकता है। राजेश यादव ने कहा कि यह केवल पुल का मामला नहीं, बल्कि हजारों ग्रामीणों की शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और दैनिक जीवन से जुड़ा मुद्दा है। किसान अपनी उपज बाजार तक नहीं पहुंचा पाएंगे, मरीजों को अस्पताल जाने में कठिनाई होगी तथा आम लोगों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन का इस गंभीर विषय पर अब तक ध्यान नहीं देना अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं राज्य शासन से मांग की है कि बरसात शुरू होने से पहले तत्काल नए पुल के निर्माण की स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचाव हो सके और क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ मिलकर जनहित में आंदोलन करने पर भी विचार किया जाएगा।

# कोल एंड स्टील माइंस कमेटी के चेयरमैन से सांसद ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के प्रभावित ग्रामीणों के लंबित मुआवजा-पुनर्वास-रोजगार पर कार्यवाही मांग कोल एंड स्टील माइंस कमेटी के चेयरमैन अनुराग ठाकुर से मिलकर सांसद ज्योत्सना

**खास बात**

- भूविस्थापितों की समस्याओं का निराकरण करने रखी मांग

महंत की है। इस दौरान उन्होंने एसईसीएल की कुसमुंडा, गेवरा एवं दीपका क्षेत्र की खदान परियोजनाओं से प्रभावित गांवों के ग्रामीणों की डेढ़ दशक पुरानी लंबित समस्याओं से जुड़ा विस्तृत पत्र मंत्री को सौंपा और हस्तक्षेप की मांग की।

सांसद श्रीमती महंत ने बताया कि वर्ष 2009-10 से एसईसीएल द्वारा खदान के लिए 60 से अधिक गांव की जमीन अधिग्रहित की है। वही कई गांव कम जमीन विस्तार परियोजना के लिए अपनी जमीन बेच पा रहे हैं, न उस पर स्थायी निर्माण कर पा रहे हैं और न ही कोई आर्थिक निवेश कर पा रहे हैं। भूमि



सांसद।

की खरीद-बिक्री लगभग ठप हो चुकी है। कई परिवारों की पूरी पूंजी जमीन में फंसी है, लेकिन प्रतिबंधों के कारण वे उसका लाभ नहीं उठा पा रहे। परियोजना के नाम पर भूमि, पर्यावरण, आजीविका और सामाजिक संरचना को गंभीर क्षति पहुंची है, लेकिन इसके बदले न उचित मुआवजा मिला है, न रोजगार मिला है और न ही सम्मानजनक पुनर्वास की व्यवस्था हो सकी है। उन्होंने पत्र में छह मुख्य बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग की है। इसमें राजस्व अभिलेखों एवं दस्तावेजों में मौजूद सभी त्रुटियों का विशेष शिविर लगाकर निराकरण करने, लंबित मुआवजा राशि वितरित करने, ग्रामीणों की मांग के अनुरूप पुनर्वास स्थल को स्वीकृत करने, रोजगार श्रेणी से नीचे आने वाले एवं रोजगार से वंचित प्रभावित परिवारों के लिए रोजगार अथवा वैकल्पिक आजीविका की व्यवस्था करने स्थानीय युवाओं को एसईसीएल में प्राथमिकता देने, खदानों से फैल रहे वायु-जल-ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रभावी तकनीकी उपाय सुनिश्चित करने कहा है। साथ ही डीएमएफ एवं सीएसआर की राशि का उपयोग प्रभावित गांवों में स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, सडक़, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर प्राथमिकता से हो और राशि का पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करने कहा। साथ ही सभी लंबित मामलों की उच्च स्तरीय जांच कर समयबद्ध समाधान किया जाए। उन्होंने सर्वेक्षण पर मनमानी करने पर रोक लगाने की मांग भी की है। चेयरमैन अनुराग ठाकुर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मंत्रालय से समन्वय कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

### जिपं परिसर में निकला कोबरा, रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

**कोरबा।** जिला पंचायत परिसर में सोमवार को कामकाज की चहल-पहल के मध्य उस समय हड़कंप मच गया जब लोगों ने परिसर में एक कोबरा सांप देखा। सांप को देखकर वहां मौजूद कर्मचारियों एवं आम नागरिकों में दहशत का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत आरसीआरएस के प्रमुख अविनाश यादव को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अविनाश यादव अपनी रेस्क्यू टीम के सदस्य मानस के साथ मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाया। टीम सुरक्षित तरीके से पकड़कर वहां मौजूद लोगों को राहत दिलाई।

# डीएवी में कोड विद्या का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल में कोड विद्या कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर.के.गुप्ता महाप्रबंधक एसईसीएल विशिष्ट अतिथिगणों में के.पी. सिंह एरिया पर्सनल मैनजर एसईसीएल कोरबा तथा कोड विद्या समूह के प्रोजेक्ट प्रमुख चैतन्य परमार उपस्थित थे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ चेतना शर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर तथा तिलक लगाकर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने फीता काटकर कोड विद्या कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कोडिंग, तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता तथा रचनात्मकता के विकास को प्रोत्साहित करना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों से परिचित कराना और विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशलों से जोड़ना तथा उन्हें डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट प्रमुख चैतन्य परमार ने



कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के शिक्षक।

बताया इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को आयु एवं कक्षा के अनुरूप कोडिंग, ऐप विकास, वेब विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा अन्य उभरती तकनीकों की जानकारी प्रदान की जाएगी। यह पहल छात्रों में नवाचार की भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें भविष्य के तकनीकी नेतृत्व के लिए सक्षम बनाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ चेतना शर्मा ने कहा आज के समय में कोडिंग केवल एक तकनीकी कौशल नहीं बल्कि तार्किक सोच और रचनात्मक समस्या-समाधान का माध्यम बन चुकी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को सीखने, प्रयोग करने और नवीन समाधान विकसित करने के अवसर प्राप्त होंगे।

# कबीर साहेब के प्राकट्य उत्सव पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संयुक्त मानिकपुरी पनिका समाज के तत्वाधान में रविवार को कबीर बाग कोसाबाड़ी मे सदगुरु कबीर साहेब के 629वें प्राकट्य उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रातः चौका आरती किया गया उसके बाद सम्मान समारोह कार्यक्रम में 10वीं, 12वीं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं, समाज के अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों और कबीर साहेब के ज्ञान को जन जन तक पहुंचाने वाले महंत दीवानों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कबीर साहेब के दोहे और पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छोटे छोटे बच्चों को भी प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध यूट्यूबर और फिल्म निर्माता आनंद मानिकपुरी और उनके सहयोगी



रैली निकालते समाज के सदस्य।

कलाकार दीपा महंत का भी सम्मान किया गया।

इस प्राकट्य उत्सव अवसर पर संवेदना ब्लड कंपोनेंट सेंटर द्वार निशुल्क रक्तदान शिविर और डॉक्टर संजय मानिकपुरी जी द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने हेतु सभी क्षेत्रों के ब्लॉक, सोसायटी पदाधिकारियों और मातृ शक्तियों को भी सम्मानित किया गया। शाम 5 बजे कबीरबाग़ से कबीर साहेब की झांकी,कर्मा, सुसज्जित रथ में सवार महंत दीवानों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें कबीर पंथ और समाज के लोग भारी संख्या में शामिल हुए और साहेब बंदगी साहेब का नारा लगाकर सभी ने साहेब का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया। शोभायात्रा का समापन कबीर चौरा आरामशीन, काशीनगर में सम्पन्न हुआ जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री लखन लाल देवांगन और महापौर संजू देवी राजपूत,वार्ड पार्षद सुभाष राठौर,पूर्व पार्षद नारायण दास, सांसद प्रतिनिधि पोषक दास महंत, जिला अध्यक्ष संतोष दास, जिला सचिव सह प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ सुचित्रा संजय मानिकपुरी की उपस्थित में कबीर साहेब की महाआरती की गई। आरामशीन में सम्पन्न इस कार्यक्रम में मंत्री लखन लाल देवांगन ने कबीर चौरा स्थल पर मानिकपुरी कबीरपंथी समाज के लोगों के लिए 20 लाख की सामुदायिक भवन की स्वीकृति प्रदान की। भोजन प्रसाद के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बालको की स्वास्थ्य पहल से 1.2 लाख लोगों तक पहुंची बेहतर चिकित्सा सेवाएं



स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के बीच सबसे बड़ी चुनौती यह है कि गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं समाज के उन लोगों तक भी पहुंचें, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्रों में जहां कभी इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। वहां बालको की मोबाइल हेल्थ वैन और प्रोजेक्ट आरोग्य महत्वपूर्ण बदलाव ला रहे हैं। इनके माध्यम से वित्तवर्ष 2026 में लगभग 1.2 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल चुका है।

पाढ़ीमार गांव की 60 वर्षीय फूलमणि एक्का कई वर्षों से गठिया के कारण जोड़ों के दर्द से परेशान थीं। दर्द इतना बढ़ गया था कि उनके लिए स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना भी कठिन हो गया था। दूरी, शारीरिक परेशानी और आर्थिक चुनौतियां उनके इलाज में बड़ी बाधा थीं। फूलमणि बताती हैं। मेरे लिए इलाज के लिए बाहर जाना संभव नहीं था। जब बालको की मोबाइल हेल्थ वैन हमारे गांव आने लगी, तब मुझे घर के पास ही डॉक्टरों की सलाह और उपचार मिलने लगा। अब मेरा इलाज नियमित रूप से हो रहा है और हर दौरे पर मुझे फिजियोथेरेपी एवं व्यायाम संबंधी सही मार्गदर्शन भी मिलता है। फूलमणि की कहानी ग्रामीण भारत की उस वास्तविकता को दर्शाती है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अक्सर दूरी, संसाधनों की कमी और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं के अभाव से प्रभावित होती है। ऐसे क्षेत्रों में समय पर जांच, नियमित परामर्श और निवारक स्वास्थ्य सेवाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती हैं। कोरबा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी कहते हैं, छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना हमारी प्राथमिकता है। इस दिशा में बालको जैसे उद्योग महत्वपूर्ण सहयोगी की भूमिका निभा रहे हैं। प्रोजेक्ट आरोग्य और मोबाइल हेल्थ वैन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता और पहुंच दोनों में सुधार हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के करीब पहुंचाने के उद्देश्य से बालको की मोबाइल हेल्थ वैन आसपास के 70 गांवों एवं समुदाय में प्रत्येक पखवाड़े नियमित रूप से पहुंचती है। बदलती स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसमें फिजियोथेरेपी सेवाएं और प्रयोगशाला जांच सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। वैन में 40 से अधिक प्रकार की जांच मौके पर ही की जा सकती हैं, जिससे समय रहते रोगों की पहचान, नियमित स्वास्थ्य निगरानी और आवश्यक उपचार सुनिश्चित हो पाता है। वित्तीय वर्ष 2026 में इस पहल से 27 हजार से अधिक लोगों को लाभ मिला।

# प्रबुद्धजन सम्मेलन में गूंजा मोदी सरकार के 12 वर्षों के विकास, सुशासन और विकसित भारत का संकल्प




सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंचस्थ पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा आशीर्वाद प्वाइंट टी.पी. नगर में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, उद्योगपतियों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने की। सम्मेलन में वक्ताओं ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन एवं विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अपने उद्बोधन में प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने 12 वर्ष जनकल्याण, अंत्योदय एवं समग्र परिवर्तन की यात्रा विषय पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सेवा और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी के 12 वर्ष विश्वास के विकास के जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ अंत्योदय पर बल देते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार कृत संकल्पित होकर विकसित भारत निर्माण की दिशा में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और प्रबुद्ध जनों से 2047 के विकसित भारत निर्माण में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने 12 वर्ष विश्वास का सशक्त आधार एवं विकसित भारत की प्रस्तावना विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने देशवासियों के विश्वास को मजबूत करते हुए भारत को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाई है। कार्यक्रम में महापौर संजूदेवी राजपूत, प्रदेश मंत्री रितु चौरसिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चावलानी, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, मंजू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बोईदा स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**हरदीबाजार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में प्राचार्य पूनम दुबे के संरक्षण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तारतम्य में पांच दिवसीय योग दिवस का आयोजन रखा गया। जिसमें समस्त विद्यालय स्टाफ के साथ व छात्र छात्रों सहित योगाभ्यास किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य शरीर को सर्वांगीण रूप से स्वस्थ रखना एवं एक स्वस्थ शरीर में ही कार्यों हेतु क्षमता होती है। इस दौरान प्रमुख रूप से प्राणायाम, अनुलोम विलोम, भांमरी, ओम जाप, कपालभांति के साथ योगासन भिन्न-भिन्न प्रकार के योगाभ्यास करके इससे होने वाले लाभों को बताया गया एवं विभिन्न प्रकार के बीमारियों से बचाव की बात भी बताई गई। साथ ही नशा मुक्ति सप्ताह अभियान 17 से 26 जून तक में भी विशेष कार्य किया कै रि य र काउंसलिंग, समर कैंप व समस्त छात्र हित व विद्यालय हित के कार्यों को विशेष महत्व देकर प्रमुखता से लागू प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### संकुल केंद्र सुमेधा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**कोरबा।** संकुल केंद्र सुमेधा के हाईस्कूल सुमेधा में नव प्रवेशी बच्चों का शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अथिति वार्ड पार्षद किशन कैवर्त एवं उनके साथीगण थे एवं संकुल सुमेधा के प्राचार्य सौरभ जकरिया एवं मिडिल स्कूल के हेड मास्टर सुख सिंह सिदार एवं समस्त व्याख्यता सभी प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक संकुल समन्वयक एवं समस्त शिक्षक बच्चे एवं पालक एवं पालक उपस्थित थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजन से किया गया उसके बाद सभी नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर फूलमाला पहना कर मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। उसके बाद सभी के द्वारा बच्चों को आशीर्वाद स्वरूप दो शब्द बोलकर उनको प्रतिदिन स्कूल आने की एवं पढ़ाई की महत्व बताते हुए उनका हौसला अफजाई किया गया।

### सिरकीखुर्द में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**कोरबा।** शासकीय संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य एवं सफल आयोजन मा. शाला कन्या आश्रम, सिरकी खुर्द में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। सरस्वती वंदना के पश्चात कार्यक्रम को विधिवत आगे बढ़ाया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण ज्ञान, संस्कृति एवं उत्साह से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विजय प्रभात कंवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सिरकी खुर्द की सरपंच श्रीमती छत बाई सरोटिया ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपसरपंच कमलेश्वरी अशोक दिव्या तथा पंचायत के पंचगण भैया राम गोंड, नूतन प्रजापति, श्रीमती अमृता बाई कोर्राम, राज प्रजापति, रामचन्द्र, श्रीमती राजेश्वरी एवं श्रीमती धनेश्वरी प्रधान की उपस्थिति रही।

### सरगबुंदिया हायर सेकंडरी स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव




**बरपाली।** करतला विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगबुदियां में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें नवप्रवेशी बालक बालिकाओं का विद्यालय प्रबंधन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वागत कर उनका शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में सरगबुंदिया हायर सेकंडरी स्कूल में भी शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमे क्षेत्र की जनपद सदस्य श्रीमती रीना सिदार के मुख्य आतिथ्य में विद्यार्थियों को निःशुल्क शाला गणवेश, निशुल्क पाठ्यपुस्तक प्रदान किया गया एवं इसके साथ ही सरस्वती साईकिल योजना अंर्तगत छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरगबुदियां के उपसरपंच पवार सिंह सिदार व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मयूर पारीक, एस एम सी अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू, लखन कैवर्त्य, श्रीमती हरिहर बाई, श्रीमति पुष्पा सिदार, श्रीमती जलेश्वरी तिवारी मनोज गुप्ता सभी एस एम डी सी सदस्य, प्राचार्य डॉ राकेश श्रीवास्तव मा.शा. प्रधानपाठक रामदेव राठौर, संकुल समन्वयक तरूण वैष्णव उपस्थिति रहे।

# बिना रेलिंग के पुल और अंधे मोड़ से गुजरते हैं सैकड़ों वाहन

## जामबहार-सतरेंगा मार्ग के पुल पुलियों में नहीं लगी है रेलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जामबहार से सतरेंगा मार्ग में नालों में बने पुल पुलियों में रेलिंग विहीन होने के कारण हादसे हो रहे हैं। सैकड़ों वाहन इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरते हैं उसके बाद भी प्रशासन के द्वारा संज्ञान नहीं लिए जाने से हादसों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

जामबहार सतरेंगा मार्ग अब हादसों का मार्ग बनता जा रहा है, कारण सडक मार्ग में बने पुल पुलियों में रेलिंग नहीं लगी है। जिसके लिए स्थनीय निवासियों ने कई मर्तबा प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। बिना रेलिंग के पुल से कुछ बाइक सवार नाले में गिरकर मौत के मुँह में शमा गए लेकिन प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जबकि इस मार्ग से रोज सैंकड़ों वाहन गुजरते हैं जिनमें मालवाहक, सवारी गाड़ी से लेकर सरकारी कर्मचारी और ग्रामीणों का आना जाना हमेशा लगा रहता है। सतरेंगा के पर्यटन केंद्र बनने से मार्ग में वाहनों का दबाव तेजी से बढ़ जाने के कारण सडक हादसों का खतरा भी बढ़ते जा रहा है। सतरेंगा, अजगरबहार, तिलाईडांड़, कछार, बोड़ानाला, गढ़कटरा गढउपरोड़ा, कदमझरिया, माखुरपानी आदि ग्रामों के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के पदस्थ शिक्षक शिक्षकाएं एवं स्वास्थ्य कर्मचारी इसी मार्ग से आना जाना करते हैं। जिनके लिए बड़े बड़े भारी वाहनों के बीच से रेलिंग विहिन पुलियों से गुजरना जान हथेली में रखने के समान रहता है। स्कूल खुलते ही शिक्षक शिक्षिकाओं का आना जाना शुरु हो गया है। सुशासन तिहार से लेकर जनदर्शन तक में रेलिंग विहिन पुलियों में सुरक्षा के मद्देनजर रेलिंग लगाए जाने के पत्र भी प्रशासन को सौंपे गए हैं।

**खास बात**

- नाले में गिरे कई बाइक सवार, हादसों के बाद नहीं लिया जा रहा संज्ञान



### 35 किमी सड़क में मात्र चार पुलिया

जामबहार से सतरेंगा, बोड़ानाला के बीच 35 किमी के लंबे सड़क मार्ग में चार पहाड़ी नाला पड़ते हैं जिनमें चार पुलिया बनाई गई है। जिनमें कुछ पुलिया सकरी हैं और रेलिंग विहिन हैं। पीएमजीएसवाई के इस सड़क में पुलियों का निर्माण भी उसके द्वारा ही किया गया है। निर्माण के दौरान केवल एक एक फुट के पिल्हर बना दिए गए हैं जो सुरक्षा की दृष्टि से अनुपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। जबकि इस मार्ग से वीआईपी और प्रशासनिक अधिकारियों का हमेशा गुजरना होता है। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में रेलिंग विहिन पुलियों में रेलिंग लगाने के निर्देश ही दिए जाते हैं।

## कोरबा परियोजना के केन्द्रों में सर्वाधिक बच्चे

# जिले के 45 हजार से अधिक आंगनबाड़ी बच्चों को मिलेगी ड्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को लंबे समय बाद ड्रेस मिलने जा रही है। 45 हजार 488 बच्चों को गणवेश की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। विभाग के 10 परियोजनाओं में सर्वाधिक बच्चे कोरबा शहरी व ग्रामीण परियोजनाओं में हैं। 1 जुलाई से पूर्व सभी केन्द्रों में वितरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

**खास बात**

- आकांक्षी ब्लाक पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में वितरण का कार्य शुरू

आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को गणवेश वितरण का काम राज्य शासन के द्वारा किया जाना है। पूर्व में कपड़ों की खरीदी करने के बाद स्थानीय स्तर पर सिलाई का कार्य करने के बाद वितरण किया जाता था। अब इस नियम को बदलकर सीधे रेडिमेड ड्रेस का वितरण करने का निर्णय लिया गया है। जिले के 2601 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 45 हजार 488 बच्चों की औसत उपस्थिति दर्ज है। जिनके लिए ड्रेस दिये जाने का काम चल रहा है। विभाग के अंतर्गत 10 परियोजनाएं आती हैं। इन परियोजनाओं में कोरबा ग्रामीण व शहरी परियोजनाओं में सर्वाधिक बच्चे दर्ज होने के कारण ड्रेस का वितरण इन केन्द्रों में किया जाएगा। शहरी परियोजनाओं में ही कुछ केन्द्रों में बालको जैसे औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा ड्रेस का वितरण किया गया था। अब शहरी व ग्रामीण परियोजना के सभी केन्द्रों में विभागीय स्तर पर वितरण का काम किया जा रहा है। आकांक्षी ब्लाक पोड़ी उपरोड़ा के पसान व कोरबी परियोजना के अंतर्गत आने वाले केन्द्रों में दर्ज बच्चों की संख्या ब्लाक के अन्य केन्द्रों की तुलना में अधिक है। लिहाजा यहां भी वितरण का काम शुरू कर दिया गया है।


फाइल फोटो

### सक्षम केन्द्रों में सर्वाधिक बच्चे

विभाग के द्वारा बनाए गए सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की संख्या बढ़ी है। कुल 700 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र बनाया गया है। जहां बच्चों के खिलौने और झूलों के साथ एलईडी टीवी भी उपलब्ध करायी गयी है। प्ले स्कूल की तर्ज पर सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र को तैयार किये जाने के कारण बच्चों की संख्या बढ़ी है। किन्तु ये केन्द्र शहरी और कस्बायी इलाके तक ही सीमित हैं।

### ग्रामीण नहीं ले रहे हैं बच्चों को केन्द्र भेजने में रुचि

ग्रामीण क्षेत्रों के कुछ ऐसे आंगनबाड़ी केन्द्र हैं जहां केन्द्रीय योजनाओं के सतत संचालन के बाद ही ग्रामीण अपने बच्चों का नाम आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज तो करा देते हैं लेकिन नियमित भेजने में रुचि नहीं लेते। जिस वजह से प्रतिदिन बच्चों की उपस्थिति नहीं होने के कारण स्वास्थ्य परीक्षण जैसे कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। अपने स्तर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के वजन त्योहार के दौरान घर घर जाकर बच्चों को केन्द्र लाने का काम करती हैं। किन्तु ग्रामीण अपने स्तर पर रुचि नहीं दिखाते। जिस वजह से उपस्थिति की सही संख्या सामने नहीं आ पाती।

### जुलाई में पूर्ण हो जाएगा वितरण

आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को ड्रेस वितरण का काम जुलाई के पहले पूर्ण हो जाएगा। वर्तमान में केन्द्र लगने का समय सुबह 7 से 11 है। 1 जुलाई से समय में बदलाव किया जाएगा।

-**बसंत मिंज,** डीपीओ, मबावि

# फर्नीचर दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक


फर्नीचर दुकान में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवारी बाजार स्थित एक फर्नीचर दुकान में उस समय अफरा तफरी मच गई जब दुकान में अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि फर्नीचर दुकान में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक दुकान में रखे लाखों रुपए कीमती फर्नीचर पूरी तरह से जल कर खाक हो गई।

मामला बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवारी बाजार की है। यहां संचालित एक फर्नीचर दुकान संचाकल किशोर कुमार डहरिया के दुकान में सोमवार की रात्रि अचानक आग लग गई थी जैसे ही स्थानीय लोगों की नजर फर्नीचर दुकान में उठ रहे आग की लपटों पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी तब तक आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा लाखों रुपये का लकड़ी का फर्नीचर जलकर खाक हो गया। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पातीं, उससे पहले ही पूरी दुकान और सामान स्वाहा हो चुका था। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। कुछ लोग आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है।

## पार्थ मुख्यमंत्री के हाथों हुए सम्मानित...



**कोरबा।** अंतराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर बीएसएफ कैंप पलोद शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास आयोजित वृक्षारोपण एवं खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में जिले के अंतराष्ट्रीय तैराक पार्थ श्रीवास्तव को अहमदाबाद में 79वीं सीनियर नेशनल स्वीमिंग प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं वन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से मिले प्रेस क्लब के पदाधिकारी, मिला मार्गदर्शन


मुख्यमंत्री से मुलाकात करते प्रेस क्लब कोरबा के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने 22 जून को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। प्रेस क्लब के अध्यक्ष नौशाद खान के नेतृत्व में हुई इस भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों का अत्यंत आत्मीयता से स्वागत किया तथा नई टीम को सफल कार्यकाल के लिए आपनी शुभकामनाएं दीं।

मुलाकात के दौरान कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री श्री साय को कोरबा प्रेस क्लब के आगामी शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही इस कार्यक्रम के लिए तिथि निर्धारित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रेस क्लब की नई टीम से विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब के सभी साथी एकजुट होकर सकारात्मकता के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में समाजहित और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हुए बेहतर कार्य करें। इस दौरान उन्होंने पूरी कार्यकारिणी को भरोसा दिलाया कि कोरबा के पत्रकारों के कल्याण और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार तथा उनका व्यक्तिगत सहयोग सदैव बना रहेगा।

इस दौरान कोरबा प्रेस क्लब की ओर से अध्यक्ष नौशाद खान, संरक्षक कमलेश यादव, पूर्व अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, सचिव दिनेश राज, उपाध्यक्ष राजकुमार शाह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव तथा कार्यकारिणी सदस्य द्वय आकाश शर्मा एवं राजेश कुमार मिश्रा (मिट्टू) उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री के विशेष सलाहकार कृष्णा दास विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनका इस भेंट को सफल बनाने में सराहनीय सहयोग रहा।

**खास बात**

- शपथ ग्रहण समारोह के लिए मुख्य अतिथि का आमंत्रण सहर्ष स्वीकार, जल्द तय होगी तिथि
- समाज हित में काम करने कहा सीएम ने

### रायपुर व बिलासपुर प्रेस क्लब ने किया सम्मान; प्रदेश स्तरीय आयोजन पर चर्चा

राजधानी प्रवास के दौरान कोरबा प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की मुलाकात रायपुर और बिलासपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों से भी हुई। बिलासपुर के प्रेस क्लब में अध्यक्ष अजीत मिश्रा एवं उनकी टीम ने स्वागत सम्मान किया। वहीं रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी समेत सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने कोरबा की नवीन कार्यकारिणी का प्रतीक चिन्ह गमझा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ में पत्रकारों के हितों, उनकी सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। तीनों प्रेस क्लबों ने पत्रकारों के व्यापक हित में एक मंच पर आकर एकजुटता के साथ कार्य करने का दृढ़ भरोसा दिया। साथ ही आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के पत्रकारों को एक सूत्र में पिरोने और पत्रकारिता के स्तर को और ऊंचा उठाने के उद्देश्य से एक भव्य प्रदेश स्तरीय आयोजन को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई, जिसकी रूपरेखा जल्द ही तैयार की जाएगी।

## निगम की कनेक्ट टू कमिश्नर व महापौर की पाती शिकायतों के निराकरण का बन रही सशक्त माध्यम

# आयुक्त ने कनेक्ट टू कमिश्नर में प्राप्त दर्जनों शिकायतों का किया स्पॉट निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कनेक्ट टू कमिश्नर में प्राप्त शिकायतों व संबंधित समस्याओं की वास्तविक स्थिति जानने, एक दर्जन स्थलों पर स्पाट निरीक्षण किया तथा उनके संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिये अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुये शत प्रतिशत शिकायतों का नियत समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित किये जाने एवं समक्ष में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। निगम की दो अभिनव योजनाएं कनेक्ट टू कमिश्नर एवं महापौर की पाती जनसमस्याओं व जनशिकायतों के त्वरित निराकरण का सशक्त माध्यम बन रही है, लोगों की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेकर 24 घंटे के अंदर उनका निराकरण किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा दो अभिनव योजनाएं कनेक्ट टू कमिश्नर एवं महापौर की पाती क्रियान्वित की गई हैं, यह दोनों योजनाएं आमजनता की समस्या व शिकायतों के निराकरण का महत्वपूर्ण एवं सशक्त माध्यम बन रही है। सड़क, नाली, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाईट व विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, अतिक्रमण अवैध कब्जा तथा निगम की अन्य सेवाओं व नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के संबंध में प्राप्त सुगम शिकायतों का 24 घंटे के अंदर निराकरण किया जा रहा है, वहीं ऐसी समस्याएं जिनका त्वरित निराकरण संभव नहीं है तथा उनके समाधान में प्रक्रियागत समय लगना हैं, ऐसी शिकायतों व समस्याओं को कार्यप्रक्रिया में लिया जा रहा है, निगम की इस जनहितैषी पहल का सीधा लाभ आमनागरिकों को मिल रहा है, उनकी समस्या निराकृत हो रही हैं तथा उन्हें त्वरित राहत मिल रही है।


निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री पांडेय।

### एक दर्जन स्पाट्स पर देखी वास्तविकता

कनेक्ट टू कमिश्नर के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों, समस्याओं के स्वरूप तथा उनके निराकरण की वास्तविक स्थिति से रूबरू होने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय लगातार स्पाट निरीक्षण भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होने परसाभांठा साप्ताहिक बाजार, बालको सेक्टर 5 शापिंग सेंटर, वार्ड क्र. 16 पम्प हाउस, ट्रामासेंटर के सामने रिसदी रोड, वार्ड क्र. 21 बुधवारी बस्ती, सीतामणी गौमाता चौक, साकेत नगर लालूराम कालोनी, खरमोरा इंडस्ट्रियल एरिया, टी.पी.नगर राजू होटल के पास, मुड़ापार पीएम आवास, वार्ड क्र. 25 शिवाजी नगर, निहारिका क्षेत्र सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतों से जुड़ी समस्याओं व उनके निराकरण की धरातलीय स्थिति को जानने, इन स्पाट्स का निरीक्षण किया। उन्होने सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, साफ-सफाई, अतिक्रमण अवैध कब्जे आदि से जुड़ी प्राप्त शिकायतों पर की गई निराकरण की कार्यवाही का अवलोकन किया।

*हरदीबाजार। राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रांगण में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ विद्यालय के संचालक राधेश्याम मनहर ने योग के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। योग प्रशिक्षक श्रीमती शशि उइके एवं ज्योति केरकेट्टा के निर्देशन में सभी ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामी, वृक्षासन, तड़ासन एवं विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास किया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780